# यूपी की कंपनियों को शेयर बाजार में सूचीबद्ध कराएंगे

राज्य मुख्यालय | **प्रमुख संवाददाता**

प्रदेश सरकार राज्य की कंपनियों की मार्केट कैपिटल बढ़ाने के लिए उन्हें शेयर बाजार एनएसई व बीएसई पर लिस्ट कराने का काम करेगी। पिछले चार सालों में राज्य में स्थापित नई कंपनियों को इसमें प्राथमिकता दी जाएगी। कंपनियों का बाजार कैपिटल व व्यवसाय बढ़ने से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. नवनीत सहगल और नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) के सीनियर मैनेजर राकेश कुमार की संबंध में गुरुवार को चर्चा हुई। निर्यात प्रोत्साहन भवन में आयोजित बैठक में अपर मुख्य सचिव डा. सहगल ने कहा कि प्रदेश में लगभग 55 लाख डीमैट एकाउंट हैं, इस मामले में यूपी देश में तीसरे स्थान पर है। वर्तमान में प्रदेश से एनएसई पर आठ और बाम्बे स्टाक एक्सचेंज (बीएसई) पर कुल नौ कंपनिया लिस्टेड हैं। उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में इलेक्ट्रानिक्स, आईटी, लाजिस्टिक, मैन्यूफैक्चरिंग, प्लास्टिक, लेदर, एग्रो, फूड प्रोडेक्टस, वस्त्र आदि क्षेत्र में कंपनियां अच्छा कार्य कर रही हैं।

**08** कंपनियां वर्तमान में प्रदेश से एनएसई और नौ बीएसई में लिस्टेड हैं

उन्होंने कहा कि इन कंपनियों के एनएसई एवं बीएसई पर लिस्टेड होने से उनकी मार्केट कैपिटल बढ़ेगी। राज्य सरकार नई कंपनियों को स्टाक मार्केट में सूचीबद्ध कराने के लिए हर संभव सहयोग व मदद देगी।